


# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 18 अंक : 205 29 अगस्त, 2022 मूल्य : 30/-प्रति

# आरोग्य धाम

## जोधपुर का लोकार्पण समारोह










**हार्दिक आभार**

पत्रिका का 18 वर्ष में प्रवेश पर सभी समाज बंधुओं एवं सहयोगियों का आभार

# माली सैनी समाज कर्नाटक बेंगलुरु का दो दिवसीय श्री कृष्णजन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

बेंगलुरु। माली (सैनी) समाज कर्नाटक बेंगलुरु (रजि.) के तत्वावधान में दो दिवसीय श्री कृष्णजन्माष्टमी महोत्सव प्रिंसेस श्राइन, पैलेस ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, प्रथम दिवस भजन जागरण, चढ़ावो की बोलिया, पूजा अर्चना का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में परम पूज्य संत श्री चेतनगिरीजी महाराज का पावन सानिध्य रहा, भजन संध्या में भजन कलाकार पिंकी गहलोत, अशोक राहिन्डी, राधेश्याम माली, पूरण कालसा, अनिल भाटी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, राधाकिशन तंवर उपस्थित रहे।

नव नियुक्ति अध्यक्ष सज्जनराज सांखला ने सभी समाज बंन्धुओ को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये धन्यवाद दिया, इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये मोहनलाल गोयल, रुघाराम सांखला, टीकमाराम परमार, भंवरलाल तंवर, वरदीचंद देवड़ा, प्रकाश तंवर, नगीन चौहान, दिनेश चौहान, उत्तम पंवार, नरेश चौहान, रमेश कच्छवाह, विजय सांखला एवं अन्य समाज बंन्धुओ ने विशिष्ट सहयोग प्रदान किया !



कार्यक्रम में माली (सैनी) समाज बेंगलुरु की सभी संस्थाओं का सहयोग रहा, समाज के सभी आजीवन सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में तन, मन, धन से सहयोग रहा।

माली (सैनी) युवा संगठन ने सम्पूर्ण व्यवस्था सफलता पूर्वक निभाई। इस आयोजन का युवा रूपेश सोलंकी ने सफल मंचालन किया।















# माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण



जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरुषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)



श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)



श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)

## संपादक की कलम से...

## पत्रिका ने सफलता पूर्वक किया 18 वें वर्ष में प्रवेश....

राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी सूर्यनगरी जोधपुर से प्रकाशित हिन्दी मासिक समाचार पत्रिका माली सैनी संदेश ने समाज की सेवा के 17 वर्ष पूर्ण कर लिए है। आप सभी के लाड़ले समाचार पत्रिका के इस अंक से अपनी उम्र के 17 वर्ष पूर्ण कर 18 वर्ष में प्रवेश कर रहा है तथा आप सभी के सहयोग से आज यह समाचार पत्रिका स्वजातीय बंधुओं की आंख का तारा बना हुआ है।

यह एक कटु सत्य है कि किसी भी सामाजिक पत्रिका की उम्र उसके पाठकों, सहयोगियों व लेखकों के, विज्ञापनदाताओं के व्यवहार, जिज्ञासा एवं अपनत्व पर निर्भर करती है। आप सभी जागरूक पाठक पत्रिका को समय समय पर तर्क-विर्तक, प्रतिक्रिया व सुझावों के जरिए संपादक मंडल का मार्गदर्शन करते रहे है। समाज बंधु भामाशाह संरक्षक रूपी आहुति देकर समाचार पत्र की रीढ़ की हड्डी को मजबूती प्रदान करते रहे है आर्थिक ईधन देते रहे है, तो ऐसी स्थिति में समाचार पत्रिका की उम्र के प्रति आशंकित रहने की जरूरत नहीं रह जाती है।

आप सभी के आशीर्वाद से आज पत्रिका देश के हर कोने में अपनी पहचान बना चुकी है। आज हजारों पाठकों का संसार पत्रिका के पास मौजूद है। यह सब आप सभी समाज बंधुओं द्वारा इस पत्रिका को समय समय पर दिये गए सहयोग के बलबूते पर ही फलीभूत हो सका है। चुंकि पत्रिका किसी व्यवसाय का नाम न होकर एक मिशन है इस लिए संपादक मण्डल ने इस समाचार पत्रिका का स्वरूप सामाजिक स्तर का ही बनाये रखा। इसमें ज्यादा से ज्यादा सामाजिक गतिविधियों के समाचारों को ही वरीयता देने का प्रयास किया गया ताकि पत्रिका समाज में आपसी सद्‌भाव, सद्‌विचार एवं विकास का नया वातावरण तैयार हो सके। आज किसी भी समाज में सामाजिक क्रांति लाने के लिए तीव्र गति से बड़े पैमानें में विचारों का आदान प्रदान और उन्हें अमल में लाने की जरूरत है। ऐसे में हमारी भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण समझी जाती है।

समाज में शिक्षा का अलख और विकास, विश्वास व जागृति के कार्यों में सहयोगी, समाज संगठनों में जागृति की भूमिका निभाना प्रत्येक समाचार पत्रिका का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस मामले में हमारी भूमिका कैसी रही यह आकलन आप को करना है। हम अपनी भूमिका, सामाजिक कर्तव्य एवं पाठकों की रूचि के प्रति सदैव सजग व जागरूक रहे है। नियमित रूप से प्रकाशित हो रहे प्रकाशन का हर अंक अपनी एक विशेष छटा लिए होता है।

आप सभी लेखकों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं का अटूट स्नेह, विश्वास और सानिध्य बरकरार है परिणाम स्वरूप समाज की प्रथम ई-पत्रिका (ऑन-लाईन पत्रिका) का श्रेय भी हमें ही मिला है। साथ ही समाज की प्रथम वेब-साईट एवं ऐप का श्रेय भी हमें ही मिला है जिसमें समाज के इतिहास के साथ ही समाज की विभूतियों, संतों, पदाधिकारियों, प्रतिभाओं एवं युवाओं के अलावा समाज की धर्मशालाओं एवं अन्य अति महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रथम बार ऑन लाईन सभी के लिए उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही समाज के इतिहास पुरूष महात्मा ज्योति बा फूले की संपूर्ण जीवनी की भी प्रथम हिंदी वेब-साईट आपके साथ ही अन्य सभी के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिससे सभी महात्मा ज्योति बा फूले के जीवनी को पढ़ कर उनके द्वारा मानव हितार्थ किए गए कार्यो का जान सके व उनके द्वारा किए गए मानव हितार्थ कार्यो से सीख ले सके। हमनें आज की आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए समाज का प्रथम ऑनलाइन विवाह योग्य युवक युवति परिचय का भी आयोजन किया था। जिसमें देश विदेश के 1000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया और समाज के 50हजार लोगों ने इसे फेसबुक पर लाइव देखा। इस आयोजन के माध्यम से करीब 400 जोड़ों का वैवाहिक संबंध भी हुआ। कोरोना काल में परिचय सम्मेलन का आयोजन नहीं होने के कारण हमनें युवक युवती परिचय स्मारिक -2021 का प्रकाशन भी जुलाई 2021 में कर समाज के परिजनों को घर बैठे योग्य वर वधु चुननें की सुविधा प्रदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। और इसी कड़ी में युवक युवती परिचय स्मारिका - 2022 प्रकाशन को तैयार हो रही है।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समाज के सभी वर्गो का सहयोग पूर्व की भांति हमें मिलता रहेगा। इसी मंगलकामनाओं के साथ पुन: आप सभी का हार्दिक आभार।



**मनीष गहलोत**
संपादक

जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

### निर्वतमान अध्यक्ष स्व. पुखराज जी के सपनों के भवन का महंत रामप्रसाद जी महाराज ने जनकल्याण की भावना से किया उद्घाटन

# माली समाज जोधपुर ने नव निर्मित अरोग्य भवन सर्व जातीय के लिए खोला



जोधपुर। माली संस्थान की ओर से एम्स के सामने बासनी द्वितीय चरण में स्थित रामसुख नगर में नवनिर्मित आरोग्य भवन धर्मशाला का लोकार्पण गुरुवार 28 जुलाई को हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बड़ा रामद्वारा सूरसागर के महंत रामप्रसाद महाराज ने आरोग्य भवन की सराहना करते हुए इसे एम्स में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर तीन दिवसीय नैनीबाई का मायरा कथा भी संपन्न हुई। कार्यक्रम में नानीबाई का मायरा की तर्ज पर भामाशाहों ने दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी करने वाले समाज के स्टूडेंट्स के लिए छात्रावास निर्माण को 50 लाख रु से अधिक राशि देने की घोषणा की।

साथ ही इस अरोग्य भवन के ठीक पीछे समाज के भामाशाह परिवार ने अपनी करोड़ों की जमीन समाज को दान देने की घोषणा की जिसका पाण्डाल में बैठे सभी लोगों ने करतल ध्वनि से आभार प्रकट किया और उनका बहुमान समाज के प्रबुद्धजनों के साथ महंत रामप्रसादजी महाराज के द्वारा किया गया। भामशाह शिक्षाविद् निर्मल गहलोत ने दिल्ली में भवन हेतु 25 लाख देने की घोषणा की आपने अभी हाल ही में अरोग्य भवन में सोलन प्लाण्ट लगाने हेतु भी 25 लाख का सहयोग किया था। प्रीतम ग्रुप के एम. डी. अशोक पंवार ने 11 लाख, सांखला बिल्डर्स के नरपत सांखला ने 5 लाख, ठेकेदार छगनीराम गहलोत ने भी 5 लाख की घोषणा की।

माली संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार ने समारोह में पधारे समाज के सभी वर्गो का हार्दिक स्वागत करते हुए तीन दिन तक चले नैनी बाई के मायरों कथा वाचन का रसपान कराने पर महंत रामप्रसाद जी महाराज का बारंबार आभार प्रकट किया। माली संस्थान की भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष व रीको के स्वतंत्र निदेशक सुनील परिहार ने भवन के निर्माण संबधी जानकारियां दी। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने आरोग्य भवन के निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संस्थान सदैव जनकल्याण व समाजोत्थान के कार्यो में अग्रणी रहा है और उसका श्रेय समाज के भामाशाहों को जाता है, जिनके समय समय पर प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग से संस्थान को समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने में आत्मबल मिलता है।

पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी ने भी विचार व्यक्त कर आरोग्य भवन को उपयोगी बताया तथा इसके निर्माण में निर्वतमान अध्यक्ष स्वर्गीय पुखराज सांखला के योगदान का बहुमान करते हुए कहा कि गंभीर बिमारियों से ग्रसित होते हुए भी दिन रात एक कर इस भव्य इमारत के गुणवता एवं श्रेष्ठ निर्माण के लिए जो कार्य किया उसका समाज हमेशा ऋण रहेगा। विधायक अविनाश गहलोत, शोभारानी कुशवाह, महापौर कुंती देवड़ा परिहार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शहर विधायक मनीषा पंवार, जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष नरेश जोशी, नगरपालिका, नारनौल, हरियाणा की अध्यक्ष कमलेश सैनी, गुजरात से समाजसेवी उद्यमी गंगाराम गहलोत, मुंबई माली समाज अध्यक्ष सहित समाज के हजारों लोगों ने शिरकत की।

**एम्स के समीप 8 करोड़ से 7 मंजिला और 36 कमरों की वातानुकूलित धर्मशाला में सर्वसमाज के मरीज और उनके परिजन रियायती दरों पर रुक सकेंगे :**

माली संस्थान के सचिव योगेश गहलोत ने बताया कि बासनी सैकंड फेज रामसुख नगर में 70 गुणा 90 फीट के प्लॉट पर धर्मशाला बनवाई है। इसमें 36 एसी कमरे, 8 एसी डोरमेट्री हैं। इसमें बड़ा डाइनिंग हॉल व कॉन्फ्रेंस हॉल व बड़ा रसोईघर बनाया है। भवन परिसर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। मरीजों व रिश्तेदारों को 24 घंटे हेल्थ डेस्क की सुविधा मिलेगी। यह आसपास के आरोग्य भवनों में रहने वाले मरीजों और उनके रिश्तेदारों को मेडिकल सुविधा संबंधी जानकारी देगी। यहीं नहीं इसमें मरीजों उतरनेचढ़ने के लिए लिफ्ट की सुविधा रहेगी। अगर कोई मरीज या उसका रिश्तेदार यह क्षेत्र नहीं जानता है तो उसको यहां की हेल्थ डेस्क टीम कमरे में ही दवाइयां और मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाएगी।

इससे पूर्व 3दिवसीय नैनी बाई का मायरा कथा का रसावादन महंत रामप्रसाद जी महाराज के द्वारा किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के साथ आसपास के गांवो से आए हजारों लोगों ने आनंद लिया। इस तीन दिवसीय मायरा में अरोग्य भवन में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों का बहुमान महंत श्री के द्वारा किया गया। इस आयोजन में समाज की अनेकों संस्थाओं ने दिन रात मेहनत कर इसे सफल बनाया।

# अरोग्य भवन समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नहीं आने और वर्चुअल भी नहीं जुड़ने के साथ, युवा वैभव गहलोत के जोधपुर में होने के बावजूद आमंत्रित नहीं करने, अतिथियों की लिस्ट में सम्मलित नहीं पर समाज के युवाओं में आक्रोश

## जिस सुनील परिहार को अशोक गहलोत ने राजनीतिक पहचान और पद दिया उन्होंने ही वैभव गहलोत का अपमान किया

जोधपुर। जिस अरोग्य भवन के उद्घाटन में राजस्थान के मुख्यमंत्री का आने का पूरा कार्यक्रम था तथा प्रशासन ने उसकी पूरी तैयारियां भी कर रखी थी लेकिन ऐन वक्त पर मुख्यमंत्री ने जोधपुर में बारिश के कारण आने में असमर्थता जता कार्यक्रम कैसिंल कर दिया दूर दराज से हजारों समाज बंधु मुख्यमंत्री के मिलने की आस से सैकड़ों किमी से आए और जब उनके नहीं आने की खबर लगी तो निराश हुए। यहीं नहीं आयोजकों के साथ सभी ने यह सोचा था कि मुख्यमंत्री वर्चुअल इस भवन के उद्घाटन में शामिल हो जाऐगें। लेकिन इसमें भी मुख्यमंत्री की असहमति से सभी हतप्रद।




सबसे बड़ी बात आयोजन की तैयारियों से पूर्व सभी जगह बड़े बड़े बैनर्स होर्डिंग्स व पेम्पलेट्स में समाज के सामाजिक राजनीतिक प्रबुद्धजनों का केवल नाम छापा गया और उसमें भी युवा राजनेता आरसीए के चैयरमेन वैभव गहलोत को स्थान नहीं देने और नाम नहीं छापने पर भी अनेकों लोगों ने सुनील परिहार का उलाहना दिया। और तो ओर नैनी बाई का मायरों कथा में समाज के अलावा अन्य समाज के नेताओं राजनेताओं को बुला उनका सम्मान किया गया वहीं वैभव गहलोत स्वयं 27 जुलाई को दिन भर जोधपुर में मौजूद रहे लेकिन आयोजकों ने उनको न तो आमंत्रित किया न ही समारोह में बुलाया जिसको लेकर भी अनेकों प्रकार की चर्चाएं रही। जब समाज के इतने बड़े कार्यक्रम में अन्य समाज के राजनेतओं को बुलाया गया तो वैभव गहलोत को नहीं बुलाने पर सुनील परिहार से भी सोशल मीडिया पर सवाल ओर आमंत्रित करने के लिए निवेदन किया गया लेकिन सुनील परिहार ने युवाओं की बातों का पता नहीं क्यों दरकिनार किया।

जबकि सुनील परिहार आज राजनीति में जिस मुकाम पर पहुंचे है उसका सारा श्रेय अशोक गहलोत को जाता है जिन्होंने उन्हें एक नहीं दो बार राजनीतिक नियुक्ति देने के साथ ही पूरे राजस्थान में पहचान दिलाई। मैनें स्वयं सुनील परिहार को मैसेज के माध्यम से वैभव गहलोत के साथ ऐसा व्यवहार करने पर सवाल किया और उनका नाम फोटो प्रिंट करने के साथ इस भव्य समारोह में आने के लिए आमंत्रित करने को कहा जिसे पढ़ने के बावजूद अपने स्वार्थ और घमण्ड के चलते उन्होंने इसका जवाब देना भी उचित नहीं समझा। जबकि हमने इस आयोजन का होर्डिंग बना कर रामप्रसाद जी महाराज और सुनील परिहार के हाथों से लोकार्पण करवाया जिसमें सभी आमंत्रित राजनेताओं के फोटो नाम सहित प्रिंट करवाएं साथ ही वैभव गहलोत का भी उसमें फोटो नाम डाला लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बाद में वैभव गहलोत का नाम व फोटो आयोजन में नहीं डाल कर उनका अपमान किया। समाज के इस भव्य आयोजन में अनेकों समाज बंधुओं प्रबुद्धजनों में इस पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।






# डॉ. निर्मल गहलोत के जन्मदिन पर बना वर्ल्ड रिकॉर्ड 6110 यूनिट रक्तदान

**सभी रक्तदाताओं को हेलमेट एवं तिरंगा किया भेंट, स्वयंसेवी संस्थाओं को 14 मोबाइल हेल्थ वेन एवं जनसेवा करने वाले 30 युवाओं संस्थाओं को इलेक्ट्रीक टू व्हीलर भेंट किया, तेज बारिश में भी युवा रक्तदान हेतु डटे रहे**

जोधपुर। रिमझिम बरसात से सुहाने मौसम के बीच में उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक निदेशक डॉ.निर्मल गहलोत के 44 वें जन्मदिवस पर शनिवार को तिरंगा थीम पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तवीरों का सैलाब उमड़ा रहा। शिविर में राजस्थान के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और जम्मू कश्मीर के रक्तवीर भी पहुंचे। सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक 6110 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड कायम हो गया। उधर, डॉ.गहलोत के जन्मदिन पर संस्थाओं को 14 मोबाइल हेल्थ वेन तथा 30 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स दिए गए। वहीं डॉ.गहलोत को बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर भी बधाइयां परवान पर रही।

आठ घंटे में 6110 यूनिट रक्तदान प्रदेश की विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं निजी ब्लड बैंकों की उपस्थिति में रक्तदान शिविर में प्रातः 6.30 बजे से ही रक्तदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। शिविर के मध्यांतर तक लगभग दो हजार यूनिट रक्तसंग्रहण हो गया था। वहीं शिविर के समापन तक रिकॉर्ड छह हजार एक सो दस यूनिट रक्तदान हुआ, जो किसी एक शिविर में 8 घण्टों के दौरान हुआ अभी तक का सर्वाधिक रक्तदान है। ब्लड कलेक्शन टीम के रूप में मथुरादास माथुर अस्पताल, महात्मा गांधी अस्पताल, उम्मेद अस्पताल तथा मेडिपल्स हॉस्पिटल के ब्लड बैंकों सहित पाली ब्लड बैंक, जयपुर एसएमएस ब्लड बैंक, जयपुर ब्लड बैंक,पारस ब्लड बैंक, अंबिका ब्लड बैंक, रोटरी ब्लड बैंक, सुमित्रा सेवा संस्थान, लाइफलाइन ब्लड बैंक नागौर, फ्रीडम ब्लड बैंक, तुलसी ब्लड बैंक तथा विद्यापति ब्लड सेंटर अजमेर ने रक्त संग्रह किया।

रक्तदान शिविर के दौरान प्रत्येक रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा की दृष्टि से उच्च क्वालिटी का हेलमेट तथा एक तिरंगा भेंट किया गया।

कैप्टन डॉ. सुरेश सैनी ने बढ़ाया रक्तवीरों का हौंसला दो सौ इकत्तीस बार रक्तदान कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड जैसे कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अपने नाम कर चुके हरियाणा राज्य से आए कैप्टन डॉ. सुरेश सैनी ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। जोधपुर के श्याम हुड्डा ने रक्तदान का शतक बना कर रक्तदाताओं को प्रेरित किया।

अभिनन्दन समारोह के साथ प्रत्येक आगंतुकों के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था रखी गई। कार्यक्रम के दौरान  सेवा भारती समिति सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को भेंट किए जाने वाले 44 वाहनों की प्रतीकात्मक चाबी का लोकार्पण डॉ. निर्मल गहलोत ने स्वामी रामप्रसाद महाराज के साथ किया। वाहनों का उद्घाटन संस्थान प्रमुखों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अलसुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा जोधपुर की सैकड़ों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ ही विभिन्न राजनीति दलों के पदाधिकारियों, शिक्षाविदों, डॉक्टर्स और जोधपुर के प्रबुद्धजनों ने निर्मल गहलोत के 44वें जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ दिर्घायु जीवन की कामना की।







# हरिद्वार सैनी समाज की आगामी राजनैतिक रणनीति बैठक में नई पार्टी के गठन का ऐलान

हरिद्वार। समाज की राजनेतिक रणनीति की बैठक का आयोजन हरिद्वार में किया गया जिसको सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी ने कहा कि जनपद हरिद्वार में सैनी समाज के मतदाता मुस्लिम व दलित के बाद तीसरे नंबर पर आते हैं जब से उत्तराखंड बना तब से आज तक उत्तराखंड में सैनी समाज को सभी राजनीतिक दलों ने केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है पिछले 20- 25 वर्षो से सैनी समाज जनपद हरिद्वार में अपने आप को राजनेतिक रूप से उपेक्षित व शोषित महसूस कर रहा है और सभी राजनीतिक दलों के प्रति समाज में भारी रोष पनप रहा है।

2022 के चुनाव से डेढ़ वर्ष मेरे व मेरे समाज के कर्मठ साथियों के नेतृत्व में पूरे जिले में गांव दर गाँव एक जागृति अभियान चलाया गया जिसमें समाज के अनेक अग्रणी लोग शामिल थे इस अभियान के तहत समाज को बताया गया कि हमारा समाज को पिछले 20 वर्षो से 95 प्रतिशत वोट भाजपा को देता आ रहा है, लेकिन भाजपा इसके बदले में हमारे समाज को 20 वर्षो में एक विधायक तक नहीं दे पाई, और न ही समाज को वोट की संख्या के आधार पर सरकार में नॉमिनेशन राज्य मंत्री आदि की भागीदारी भी नहीं दी गई। यह बात समाज ने अच्छे से समझी और समाज बीजेपी के खिलाफ एक मंच पर कांग्रेस के साथ खड़ा हो गया था। जिससे भाजपा को हरिद्वार में 8 विधानसभा सीटों से सिमट कर 3 सीट पर ही रहना पड़ गया, यह बीजेपी की हरिद्वार में सैनी समाज की वजह से बड़ी हार हुई हैं, और सैनी समाज ने कांग्रेस को हरिद्वार में भारी विजय दिलाई। लेकिन कॉग्रेस पार्टी ने भी सैनी समाज के साथ धोखा किया है। पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा ने हार से डरकर समाज की बेटी कल्पना सैनी को राज्यसभा सांसद बनाया है लेकिन समाज के वोट के हिसाब से समाज इससे संतुष्ट नहीं है पूर्व की भांति आगे भी जनपद हरिद्वार में सैनी समाज जागृति अभियान को जारी रखेगा।

उसी कड़ी में आज 17 अगस्त 2022 को जनपद हरिद्वार की 11 विधानसभाओं से समाज के अग्रणी पंक्ति के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों की यह मीटिंग इंद्रलोक आवासीय कश्वलोनी सिडकुल रानीपुर हरिद्वार के सामुदायिक केंद्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी के नेतृत्व में बुलाई गई है, जिसमें आगामी पंचायत चुनाव में एवम लोकसभा चुनाव में तथा नगर निगम चुनाव में संगठित होकर अपने राजनीतिक अस्तित्व व हक की लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई आज की मीटिंग में बनाई गई है। इस रणनीति के तहत पिछडा समाज ओबीसी व अनुसूचित समाज एससी संयुक्त रुप से यह लड़ाई लड़ेगा, और यह लड़ाई संयुक्त संगठन बनाकर लड़ेगा।

नवगठित संगठन का नाम ''राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा'' होगा। मोर्चे के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व केबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी होंगे। मोर्चे के पदाधिकारियों की घोषणा बहुत जल्दी कर दी जाएगी। राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर पर आगे अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई संयुक्त रुप से बीसी व एससी समाज मोर्चे के तत्वधान में लड़ेगा।

आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मास्टर जयचंद सैनी से कराई गई हैं, और कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के सयोजक प्रेमचंद सैनी द्वारा किया गया हैं। कार्यक्रम के सह संयोजक इंजीनियर करण सिंह सैनी, सह संयोजक पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी ब्रह्मपाल सैनी रहे हैं।बैठक में संदीप सैनी, राजीव सैनी धनोरा, रोहतास सैनी इस्माइलपुर, सतपाल सैनी लाडपुर, दिनेश सैनी गिद्धावली,समय सिंह सैनी प्रिंसिपल रूड़की, पूर्व प्रधान सतीश सैनी महदूद, अनिल सैनी,भूपेंद्र सैनी महदूद, दिनेश सैनी राजू सैनी, जय चंद सैनी डाडापट्टी, पूर्व प्रधान मान्नुबॉस, बृजपाल सैनी अलावलपुर, विजेंद्र पाल सिंह, जनेश्वर सैनी, आशीष सैनी, योगेश सैनी भेल, अरविंद सैनी, यशवंत सैनी ज्वालापुर, प्रमोद सैनी रामधाम कॉलोनी, दीपक सैनी झबरेड़ा, सुनील सैनी मानकपुर, ऋषिपाल सैनी, नीरज रानी माजरा, सन्नी सैनी हरचंदपुर, अरविंद सैनी, एडवोकेट अरविंद कुशवाह इंद्रलोक आदि सैकड़ो लोगों ने मीटिंग में भाग लिया।









# भोपाल में फूल माली समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित









भोपाल। फूल माली समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सामूदायिक भवन रेल्वे ग्राउंड पर सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 129 प्रतिभा शाली छात्र छात्र-छात्राओं एवं समाज सेवीयों का सम्मान किया गया तथा फूल माली समाज के नव निर्वाचित नगर निगम, नगर पालिका  पार्षद, सरपंच, उप- सरपंचों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि म. प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष, भोपाल नगर निगम कांग्रेस नेता आसिफ अकिल, कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंह ने छात्रों का सम्मान किया ।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष राधेश्याम माली, कृष्ण गोपाल माली, जे. पी. माली , हरिनारायण माली, घनश्याम राहुल, हरिसिंह सैनी, राजेन्द्र सैनी, राजेन्द्र राहुल, राजेश सैनी, मनोहर माली, श्रीमती शांति देवी माली , श्रीमती हेमलता माली, श्रीमती किरण माली  सहित समाज के युवा समाजसेवी एवं भोपाल के समस्त समाज सपरिवार सम्मान समारोह में उपस्थित रहे  ।



# शिक्षिका मां को बेटा हैलीकॉप्टर से अजमेर लाया

**सेवानिवृति को यादगार बनाने के लिए विदेश से आएं बेटे ने मां को दिया विशेष तोहफा**

अजमेर। तोपदड़ा निवासी योगेश चौहान अपनी शिक्षिका मां सुशीला चौहान के सेवानिवृति कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए हैलीकॉप्टर की सैर कराई। शिक्षिका सुशीला चौहान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरपुर पीसांगन से 33 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत हुई है। योगेश उन्हें तोपदड़ा स्कूल के खेल मैदान पर हैलीकॉप्टर से लेकर आएं।  बीते 14 साल से पत्नी और बच्चों के साथ अमेरिका में रहकर इंजीनियर की नौकरी कर रहा योगेश चार दिन पहले ही अजमेर आया है। योगेश ने बताया इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति ली गई है। साथ ही गांव केसरपुरा व तोपदड़ा खेल मैदान पर अस्थाई हैलीपेड बनाया गया है।

**पोती को हैलीकॉप्टर से अजमेर लाना चाहती थी मां** :योगेश ने बताया कि दो साल पहले अमेरिका में बेटी ने जन्म लिया। उसका नाम शगुन है। उसके जन्म से मां बहुत खुश थी। लेकिन आज तक वे एक दूसरे से नहीं मिले हैं। मां हमेशा फोन पर कहती थी कि जब मेरी पोती शगुन पहली बार हिंदुस्तान आएगी, तो मैं उसे एयरपोर्ट से अजमेर तक हैलीकॉप्टर से लेकर आऊंगी। उस समय ही मैंने यह ठान लिया था कि मां की सेवानिवृत्ति पर अजमेर जाऊंगा, तो उनके सेवानिवृत्ति कार्यक्रम को यादगार बनाऊंगा। इसीलिए जीजाजी डॉ.भूपेन्द्र कटारिया के साथ मिलकर यह योजना बनाई।



# संगठित होकर एकजुटता के साथ बढ़ने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आव्हान



राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली संघ द्वारा आयोजति अमृत महोत्सव कार्यक्रम का दृश्य।

हैदराबाद, 16 अगस्त। मिलाप ब्यरो राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली संघ, बेगम बाजार के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए चेस, कैरम एवं इंडोर गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कक्षा 10वीं एवं उससे ऊपर की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों, प्रोफेशनल कोर्सेस जैसे सीए, सीएस, एलएलबी, एलएलएम, एमबीबीएस, एमएस इत्यादि मं उत्तीर्ण समाज बंधुओं को सम्मानित किया गया।

सम्मोन समारोह में मुख्य अतिथि राधकिशन परिहार ने राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली सभागृह में 300 विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन यशस्वी कच्छवाह और कविता कच्छवाह ने किया। मुख्य अतिथ राधाकिशन परिहार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। समाज अध्यक्ष रामपाल देवड़ा ने विद्यार्थियों के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। तेलंगाना माली युवा संगम के अध्यक्ष अविनाश देवड़ा ने युवा संगम समाज के विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं समाज में स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता लाने में युवा संगम द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। संगम के मार्गदर्शक रमेश सोलंकी ने संगठन की शक्ति एवं सेवा समर्पण पर ; अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन संगम के महामंत्री राहुल भाटी ने प्रेषित किया। कार्यक्रम में माली महिला संगठन, रामजाने सेवा संघ, लिखमीदासजी सेवा समिति, जय श्री बाबा रामदेव सेवा संघ, माली युवा सेना एवं ह्यूमैनिटी फ्रेंड्स ग्रुप का योगदान रहा।

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण मुख्य अतिथि सागरसिंह सोलंकी ने किया। अवसर पर अध्यक्ष रामपाल देवड़ा सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। घनश्याम भाटी, बलदेवराम भाटी, कंवरीलाल कच्छवाहा, ओमप्रकाश भाटी, जेठाराम परिहार अजय परिहार, तरुण कच्छवाह, वासुदेव सांकला, राकेश भाटी, जय सोलंकी, राजसिंह पवार, रामनिवास सांखला, पुरुषोत्तम मारोठिया, मुरली सोलंकी, राजेंद्र देवडा, मनीष भाटी, वेणगोपाल भाटी (मुन्ना भाई), बालकिशन गहलोत, ओमप्रकाश भाटी, सज्जनलाल टाक, अनिल देवड़ा, चंद्रकला देवड़ा, राजेश्वरी भाटी, शीतल देवड़ा, संतोष टाक, नीलू भाटी,सुमन गेहलोत, मेघा देवड़ा, लक्ष्मण सिंह पंवार, राजेश सोलंकी, कन्नू, लक्ष्मीनारायण पंवार, मनीष सोलंकी, नकुल पंवार, गोविंद पंवार, देवेंद्र सांकला, आशीष टाक, गुलाब भाटी, दिलीप, नकुल मरोटिया, चांदमल देवड़ा एवं अन्य की उपस्थिति रही।



# किसान के बेटे 10वीं पास कर एक बस से की थी शुरुआत, 150 बसें बनाई तो चर्चा में 'चौधरी' भानाराम सैनी, अब 85की उम्र में हुआ निधन

**महेन्द्रगढ़ से निर्दलीय और नारनौल से इनेलो से लड़ा था चुनाव, 35 वर्ष तक महेन्द्रगढ़ समाज के प्रधान के निधान पर समाज के साथ क्षेत्र में शोक की लहर अनकों राजनेताओं के साथ प्रदेश के बाहर से भी समाज बंधुओं ने श्रद्धाजंलि अर्पित की।**



महेंद्रगढ़ शहर के मोहल्ला चौक में चार दिसंबर 1937 में साधारण परिवार में भानाराम सैनी का जन्म हुआ। किसान मोतीलाल के इस बेटे ने एक आम आदमी की तरह जीवन में संघर्ष की शुरूआत की। मेहनत रंग लाई तो ट्रांसपोर्ट जगह में कदम रखा। एक बस से शुरुआत की। नारनौल हेडक्वार्टर होने के कारण सभी बसों का मख्य केंद्र नारनौल होता था। इस वजह से नारनौल आना हुआ। एक बस से लगातार मेहनत कर 150 बसों का काफिला तैयार किया। एक तरह से निजी तौर पर बस डिपो खुद का हो गया था।

बंसीलाल सरकार जब नेशनलाइजेशन लेकर आई तो ट्रांसपोर्ट का काम थम सा गया। फिर महेंद्रगढ़ व नारनौल में सिनेमा हाल खोलने की शुरुआत की। इसके बाद राजनीति का सफर तय किया। इन दिनों बीमार चल रहे चौधरी भानाराम सैनी का निधन रविवार, 21 अगस्त को रात को हो गया। सोमवार उनके अंतिम संस्कार में शहर ही नहीं जिला व अन्य प्रदेशों से लोग पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जब बसों की गिनती सैकड़ा से पार हई तो जिलामर ने आनाराम सैनी के चर्चे होने लगे। इसी बीच उन्होने साल 1996 में कावोस की टिकट कटने पर महेंदगद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा हार मिलने के बाद फिर से अपने ट्रांसपोर्ट के धंधे में समय लगाने लगे इसके बाद साल 2009 में फिर से राजनीति में नारनौल में सक्रिय हुए उस समय इनेलो की टिकट पर नारनौल हलका से चुनाव लड़ा और 21,629 वोट हासिल किए। राव नरेवसिंह से 3392 वोट से हारे थे।

इसके बाद उन्होंने अपनी राजनीति विरासत पुत्रवधु कमलेश सेनी को सौंप दी और खुद घर आराम करने लगे। कमलेश सैनी ने दो बाद विधानसभा चुनाव लड़ा और कुछ वोटो के अंतर से हारी। अब जून माह में नगर परिषद चेयरपर्सन के सीधे चुनाव हुए तो कमलेश सैनी ने पूरे हरियाणा में सबरे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकार्ड अपने नाम किया

भानाराम इन दिनों वे अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनकी उम्र 85 वर्ष थी। स्वर्ग आश्रम में उनके बोटे रघुवीर सैनीी ने उन्हें मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे पुत्र रघुवीर सैनी, पुत्रवधु कमलेश सैनी, पौत्र जतिन व हिमांशु सहित पूरा परिवार छोड़कर गए है। उनके निधन पर जजपा पार्टी सहित जिला व दूसरे जिला व प्रदेश से आए हजारों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा जजपा जिला अध्यक्ष तेजप्रकाश यादव, आजपा जिल अध्यक्ष राकेश शर्मा, जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर महली, भाजपा नेता रोशनलाल यादव, महेंद्रगढ़ नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, अशोक चौधरी, जजपा नेता अशोक सैनी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

बात 1958 के दशक की है। उस वक्त एक बस खरीदकर उसे नारनौल महेंदगढ़ पर चलाया। सवारी की डिमांड बढ़ती गई तो एक से दो दो से तीन जैसा सिलसिला चल पड़ा। अड़चन आई कि महेंदगद की बजाय नारनौल रूट से ज्यादा सवारी रेवाड़ी, दिल्ली, जयपुर, अजमेर व झुंझुंनु जैसे एरिया में आवाजमन करती है। इस तरह एक बस का शुरू किया सफर 150 बसों के काफिले में तब्दील हो गया। इसी कारण भानाराम सैनी की पहचान चौधरी भानाराम सैनी के रूप में होने लगी। साल 1973 में बंशीलाल सरकार ने यात्री बस सेवा को लेकर नेशनललाइजेशन सिसटम लागू कर दिया। इससे काम धीमा पड़ गया।

इस कारण महेन्द्रगढ़ में अपने पिता मोतीलाल के नाम से मोती सिनेमा की शुरूआत 1973 में की। इसके बाद नारनौल शहर में साल 1985 में माता मोहनीदेवी के नाम से मोहनी सिनेमा ओपन किया। उस वक्त सोशल मीडिया नहीं था। सिनेमा जगत से स्नेह रखने वाले लोगों का हुजूम रोजाना हर शो में देखने को मिलता था। इसी बीच फिर से बस यात्री सेवा ने रफ्तार पकड़ी और साल 1992 से 2010 तक हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान में प्राइवेट बसें चलाकर ट्रासपोर्ट जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। वे करीब 35 साल तक लगातार महेन्द्रगढ़ सैनी सभा के सर्वसम्मति से प्रधान भी रहें।

इस मौके पर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, जजपा जिला अध्यक्ष तेजप्रकाश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता रोशनलाल यादव, महेंद्रगढ़ नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, अशोक चौधरी, जजपा नेता अशोक सैनी, जजपा हलका अध्यक्ष सुरेंद्र पटीकरा, महेंद्र बड़ेसरा, महेंद्र खन्ना, जोगेंद्र बड़ेसरा, अजय एडवोकेट, चौनसुख तोताहेड़ी, योगेश चिंडालिया, विरेंद्र घाटासेर, धर्मबीर यादव, प्रमोद तांखर, अनमोल गुप्ता, युवा प्रदेश महासचिव नवीन राव, सैनी सभा के पूर्व प्रधान बिशन सैनी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, आप नेता रविंद्र मटरू, बिशन ठेकेदार, वार्ड पार्षद संजय यादव, पार्षद रविंद्र भांखर, पार्षद मोहनलाल, नप एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, एमई अनिल यादव, रिटायर इंस्पेक्टर डा. हरिओम, अर्जुनलाल एडवोकेट, राजेश कश्यप, सरदार नौनिहाल सिंह, सफी मोहम्मद, नरेश गोगिया, बजरंगलाल अग्रवाल, सूरज ढिल्लो, हरजिंद्र सरदार, लक्की सरदार, रामफल चिंडालिया, हरिराम सैनी एडवोकेट सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। हम सभी परम पिता परमेश्वर से दिवगंत भानाराम सैनी के आत्मा की शांति की प्रार्थना करते है और साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करते है कि परिजनों को यह

# आरोग्य धाम जोधपुर के लोकार्पण की झलकियां


भामाशाह भूमिदान दाता गहलोत परिवार


राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत द्वारा संबोधन


महंत रामप्रसाद जी महाराज आर्शीवचन देते हुए


भामाशाह निर्मल गहलोत एवं परिवार


पशुधन विकास राज्य मंत्री राजेन्द्र सोलंकी द्वारा संबोधन


महापौर कुंती देवड़ा परिवार द्वारा संबोधन


भामाशाह अशोक पंवार एवं परिवार


जैतारण विधायक अविनाश गहलोत द्वारा संबोधन


राजसीको चेयरमैन सुनील परिहार द्वारा संबोधन


भामाशाह पूर्व अध्यक्ष श्रीमति पुखराज सांखला


धौलपुर विधायिका शोभारानी कुशवाहा द्वारा संबोधन


माली संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार द्वारा स्वागत


भामाशाह इंद्रजीत सिंह गहलोत


पूर्व विधायक गुजरात अनिल भाई माली द्वारा संबोधन


भामाशाह समाजसेवी रघुभाई देवड़ा का बहुमान

# आरोग्य धाम जोधपुर के लोकार्पण की झलकियां




नैनी बाई का मायरा की पूर्णा आरती करते निर्मल गहलोत



जयपुर से आएं मेहमानों का बहुमान


विभिन्न प्रदेशों से आए प्रबुद्धजनों द्वारा सेल्फी


लोकप्रिय विधायक अविनाश गहलोत प्रशसंको के साथ




कार्यक्रम में सेवाएं देने वाले युवा स्वयं सेवक कार्यकर्ता एवं लाईव टीवी प्रसारण टीम




अरोग्य भवन का निरीक्षण करते पदाधिकारीगण एवं भवन का आकृषक स्वागत कक्ष


महाप्रसादी का आनंद लेते समाज बंधु






अरोग्य भवन में आयोजित नैनी बाई का मायरा में झूमते भक्त जन एव बाहरें से पधारें प्रबुद्वजनों का ढ़ोल नगाड़ों पर नृत्य


भोपालगढ़ माली समाज से पधारें समाजबंधु


कथा का श्रवण करती समाज की मातृ शक्ति


बाप माली समाज से पधारें समाजबंधु

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाज के वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण पुरस्कार के लिए दिल्ली नहीं गए कहा यह तो मेरी ड्यूटी

## जनगणना में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित पुरस्कार केन्द्र सरकार ने डाक से घर पहुंचाया, परिजनों को भी नहीं बताया






लक्ष्मणगढ़ 16 अगस्त। बिरले ही लोग ऐसे होंगे जो पुरस्कार के लिए चयनित होने पर भी सम्मान को लेने के लिए जाना नहीं चाहेंगे। लेकिन लक्ष्मणगढ़ में एक ऐसे शिक्षक भी है जिन्हें करीब 5 दशक पूर्व जनगणना में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित होने का निमंत्रण मिला। लेकिन उन्होंने यह कहकर जाना उचित नहीं समझा कि यह उनका दायित्व था सरकारी काज किया है । जिसको निष्ठा पूर्वक व ईमानदारी से किया है। हालांकि बाद में केन्द्र सरकार ने उन्हें सम्मान पत्र डाक के माध्यम से भिजवा कर उनकी कार्यकुशलता व श्रेष्ठ कार्य का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। हालांकि इनको मिले सराहनीय सेवा व उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार की जानकारी उनके साथी शिक्षकों व परिजनों को भी बाद में ही मिली ।

जी हां हम बात कर रहे 85 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यनारायण बबेरवाल (सैनी) की। जिन्होंने करीब 38 वर्ष तक की आपनी सरकारी सेवा एक शिक्षक के रूप में निष्ठा ईमानदारी से पूरी कर सेवानिवृत्त हुए। अपने सेवा काल में हजारों युवाओं को काबिल व योग्य बनाया। इनके बड़े पुत्र कैलाश चन्द्र सैनी जो चूरू में सीनियर नर्सिंग अधिकारी है तथा वही निवास करते हैं। जबकि उनसे छोटे पुत्र विनोद कुमार सैनी टू व्हीलर व श्री व्हीलर के मैकेनिक है। जबकि तीसरे नंबर के पुत्र सज्जन कुमार सैनी राजपत्रित अधिकारी के रूप में लक्ष्मनगढ उपकोषाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चौथे नम्बर के पुत्र राजेन्द्र उर्फ राजू सैनी स्वयं का टेन्ट का कारोबार व पांचवें पुत्र श्रवण कुमार सैनी सीकर में सर्विस करते हैं । दो पुत्रियां जो उच्च शिक्षित है जिनमें एक पुत्री सीकर के प्रतिष्ठित सैनी परिवार कामरेड कजोड़ मल सैनी की पुत्र वधू है तो दूसरी बेटी भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक भादरा के बड़े भाई की धर्मपत्नी है । अपनी सादगी व विनम्रता के लिए जाने जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सत्यनारायण बबेरवाल आज भी शिक्षा व सेवा के लिए समर्पित है। हमारे समाज के ऐसे कृत्वनिष्ठ सरल स्वभाव के धनी सत्यनारायण बाबेरवाल का हम बारंबार आभार प्रकट करते है कि आपने समाज के साथ ही पूरे प्रदेश राष्ट्र में जो मिसाल पेश की है उससे युवा वर्ग को सीख लेते हुए ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा से अपने कार्य को करना चाहिए। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दिर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित करते है।

# ताराचंद सैनी के 15 अगस्त को जिला स्तर सम्मानित होने पर छाई खुशी की लहर



सोजत। ताराचंद सैनी का 15 अगस्त स्वत्रंतता दिवस पर जिला स्तर पर सम्मान हुआ। सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं व संगठनों से जुड़े हुए है जिसमें महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जाग्रति मंच के प्रदेश संगठन मंत्री, फूले ब्रिगेड के प्रमुख सलाहकार, अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन पुष्कर के कार्यकारणी सदस्य, माली संस्थान जोधपुर के आजीवन सदस्य, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के पाली जिलाध्यक्ष, सोजत सेवा मंडल अन्न क्षेत्र का सक्रिय सदस्य, माली महापंचायत के जिलाध्यक्ष, कृषि उपज मण्डी सोजत की दलाल एसोसिएशन के अध्यक्ष, माली समाज सोजत सिटी पावटी का बास का पिछले 9 वर्षो से लगातार चौधरी पद पर समाजिक सेवाएं देने वाले समाज सेवी ताराचंद सैनी द्वारा व्यापारी, मण्डी,हमालो की समस्या निवारण एवं विश्व व्यापी करोना महामारी मे टीकाकरण के कैंप का आयोजन, सोजत सेवा मंडल के बेनर तले गरीब एवं जरुरतमंदों एवं असहायों को निशुल्क भोजन वितरण व्यवस्था में सहयोग लावारिस लाशों का दाह संस्कार, नैत्र दान , समाज के सहयोग से महापुरुषों की स्मृति में निशुल्क मेडिकल परामर्श शिविर, अन्याय का विरोध करना, आरक्षण आंदोलन को लेकर सरकार से मांग करना व पर्यावरण को बढ़ावा देने को ध्यान मे रख कर पौधारोपण करना अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओ में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जिला मुख्यालय स्वतन्त्रता दिवस पर मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व पाली प्रभारी मंत्री टीकाराम जूली, पाली विधायक ज्ञानचंद पारख , जिला कलेक्टर निमित मेहता, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ चन्द्रभान सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वतन्त्रता दिवस आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव पर सम्मानित होने पर सम्पूर्ण माली समाज में खुशी की लहर छाई।

देश व प्रदेश वासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की, सैनी जिला स्तर सम्मानित होने पर पाली जिला माली सैनी संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल टांक, शहर की संस्था सैनिक क्षत्रिय मालियान नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मदनलाल पालरिया, माली सैनी युवा विकास समिति के अध्यक्ष भगवान दास तंवर, श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष डायाराम कच्छवाह, मारवाड़ जंक्शन माली समाज कांठा पंचायत घीसालाल, मेहंदी दलाल एसोसिएशन उपाध्यक्ष रामलाल निंकुम, पुखराज सांखला,हमाल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव गुर्जर, श्री राधा कृष्ण धाम मंदिर ट्रस्ट के सन्त श्री कृपाराम जी महाराज, गुरुवर राजाराम जी महाराज मण्डी समिति सचिव भागीरथ प्रजापत व अन्य संगठनों द्वारा साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

# विदेशों में पली बढ़ी मूमल और राजस्वी देवड़ा भारत में अपनी प्रतिभा से अनेकों पुरस्कारों से हो रही सम्मानित
# छोटे भाई गौरव सिंह देवड़ा ने भी टेनिस में राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों खिताब जीत परिवार को किया गौरवान्वित




जोधपुर। समाज के विदेश से भारत आएं दम्पति मीना देवड़ा और कुलदीप सिंह देवड़ा की छोटी बेटी मूमल देवड़ा एक एन.आर.आई. हैं, जो 2013 में अपने परिवार के साथ भारत आई थीं। वह कक्षा 3 से राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में छात्रा हैं और हाल ही में उन्हें स्कूल हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया है। उसने हमेशा माना है कि परिवार, दोस्तों और शिक्षकों से प्रेम से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं है। वह करंट अफेयर्स के बारे में जागरूकता और सांसारिक सिद्धांतों की समग्र समझ का श्रेय अपने पिता को देती है, जिन्होंने उसे कभी भी सीखने और बढ़ने से प्रतिबंधित नहीं किया। अंग्रेजी भाषा में उनकी मां के बौद्धिक कौशल ने उन्हें हमेशा पढ़ना और लिखना जारी रखने का आग्रह किया है और वह अपनी मां से जो साहस देखती हैं, वह उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। वह अपनी बोलने की प्रतिभा का श्रेय अपनी बड़ी बहन को देती हैं, जो उनसे बहुत पहले पोडियम पर बोलती थीं और उनकी यात्रा के लिए मार्गदर्शक बनीं। उसके दृढ़ संकल्प का स्रोत कुछ ऐसा है जो उसने अपने भाई से सीखा है जो वास्तव में उससे छोटा है लेकिन टेनिस खिलाड़ी बनने के उसके सपने उसके वर्षों से कहीं आगे तक पहुँच जाते हैं। उनकी सफलता की कहानी में मैदान पर कई खिलाड़ी हैं, सभी एक टीम के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं ताकि उनके पास जो कुछ भी है उसका अधिकतम लाभ उठा सकें और सितारों के ऊपर और बाहर शूट कर सकें। उसकी कहानी उसके आगे एक बहुत लंबे और समृद्ध जीवन की आशाओं के साथ ही शुरू हुई है।

**मूमल की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियां है :** एमजीडी जयपुर, आईपीएससी लिटरेरी फेस्ट- बेस्ट परफॉर्मेंस, बेस्ट पर्सयूसिव स्पीच, बेस्ट प्रपोजल

आईपीएससी डांस फेस्ट, आरकेके- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सनबीम सनसिटी, आइडिया कॉन्क्लेव- सर्वश्रेष्ठ स्पीकर पुरस्कार, सनबीम लहर तारा (क्रिटिकल थिंकिंग राउंड टेबल)- बेस्ट एक्सटेम्पोर (प्रारंभिक दौर), ईस्ट इंडिया डिबेट्स-2 बेस्ट स्पीकर और मोस्ट प्रॉमिसिंग स्पीकर, रोटरी क्लब डिबेट-2 सर्वश्रेष्ठ स्पीकर, साई इंटरनेशनल स्कूल, 'जर्नलिज्म विदाउट फियर'- बेस्ट कलर स्टोरी (मूड बोर्ड), एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, (नॉलेज कन्वर्जेस आर्क)- बेस्ट स्पीकर (सेमीफाइनलिस्ट), आर. के. के. मुन- सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि (यूएनएचआरसी)

आपकी बड़ी बिटिया राजेस्वी देवड़ा ने रैंबलिंग्स एंड इंक स्मजज नाम से एक किताब प्रकाशित की है। वह संयुक्त राज्य अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस में जैव रसायन और आणविक जीव विज्ञान का अध्ययन करने वाली 20 वर्षीय प्री-मेडिकल छात्रा है। वह राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर की 2020 की पूर्व छात्रा हैं, जहाँ वह हाउस कैप्टन भी थीं। रैंबलिंग एंड इंक स्मज, राजेस्वी (छद्) नाम शोना राइम्स द्वारा लिखी गई कविताओं का एक संकलन है, और यह एक युवा लड़की द्वारा महसूस की गई भावनाओं और भावनाओं की एक सुंदर अभिव्यक्ति है जो सीखती है कि खुद को कैसे विकसित किया जाए। यह पहली किताब है जिसे उन्होंने प्रकाशित किया है और उम्मीद है कि कई में से पहली है। राजेस्वी ने अपने पिता के कार्यालय में नौ साल की उम्र में कविता लिखना शुरू किया





